# ॐ जय लक्ष्मी माता | By Sohini Mishra |

ॐ जय लक्ष्मी माता
मैया जय लक्ष्मी माता
तुमको निशदिन सेवत
हरि विष्णु विधाता
ॐ जय लक्ष्मी माता

उमा रमा ब्रह्माणी
तुम ही जगमाता
सूर्य चंद्रमा ध्यावत
नारद ऋषि गाता
ॐ जय लक्ष्मी माता

दुर्गा रूप निरंजनी
सुख संपत्ति दाता
जो कोई तुमको ध्यावत
ऋद्धि सिद्धि धन पाता
ॐ जय लक्ष्मी माता

तुम पाताल निवासिनी
तुम ही शुभदाता
कर्म प्रभाव प्रकाशिनी
भवनिधि की त्राता
ॐ जय लक्ष्मी माता

जिस घर में तुम रहती
सब सद्गुण आता
सब संभव हो जाता
मन नहीं घबराता
ॐ जय लक्ष्मी माता

तू, बिन यज्ञ न होते
वस्त्र न कोई पाता
कनक पान का वैभव
सब तुमसे आता
ॐ जय लक्ष्मी माता

शुभ गुण मंदिर सुंदर
क्षीरोदधि जाता
रत्न चतुर्दश तुम बिन
कोई नहीं पाता
ॐ जय लक्ष्मी माता

महालक्ष्मी जी की आरती
जो कोई जन गाता
उर आनंद समाता
पाप उतर जाता
ॐ जय लक्ष्मी माता

ॐ जय लक्ष्मी माता
मैया जय लक्ष्मी माता
तुमको निशदिन सेवत
हरि विष्णु विधाता
ॐ जय लक्ष्मी माता

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a5%90-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-sohini-mishra/